## सार-समाचार

### मुस्लिम मुसाफिर खाना कमेटी घोषित



**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर पूर्व प्रदेश कोर्डिनेटर इरफान बरकतानी ने बताया कि राज्यमंत्री एवं वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानु खा बुधवानी ने मुस्लिम मुसाफिर कमेटी घोषित की जिसमें सदर दिलअफरोज खान, नायब सदर ईरफान बरकाती, नजमा मेवाफरोश, मोहसिन खान एव सैकेट्री शराफत खान, और केशियर ईकबाल सिपाही को नियुक्त किया है।

### भूमि विवरण दस्तावेज जमा करवाना अनिवार्य

**उदयपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभार्थियों व कृषकों का भूमि विवरण रिकार्ड का सत्यापन किया जाएगा। कई कृषकों के भूमि विवरण खाली या अपूर्ण की स्थिति में समस्त किसानो का डाटा सत्यापन नहीं हुआ है। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि वर्तमान में उदयपुर जिले में अब तक 82 प्रतिशत कृषकों का ही भूमि विवरण पोर्टल पर अपलोड हुआ है, जबकि अब भी 43356 कृषकों की भूमि का विवरण खाली या अपूर्ण होने से सत्यापन शेष हैं। जिला नोडल अधिकारी आलोक चौधरी ने बताया कि भूमि विवरण ऑनलाईन पोर्टल पर अपडेट नहीं होने से काष्तकार को योजना में अपात्र घोषित किया जायेगा। सत्यापन से वंचित कृषकों की सूची तहसील स्तर से तैयार कर प्रत्येक पटवारी हल्का को उपलब्ध करवा दी गई है। काष्तकार अपना नाम सूची में देखकर संबंधित पटवारी हल्का को अपना भूमि विवरण उपलब्ध करवायें, जिससे कृषक का भूमि विवरण पूर्ण कर पोर्टल पर अपडेट किया जाकर पात्र काश्तकार की श्रेणी में रखा जा सकेगा। कृषक द्वारा भूमि विवरण दस्तावेज जमा नहीं करवाने पर अपात्र घोषित किया जाकर वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

### 'लेखक से मिलिए' कार्यक्रम 25 को

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान साहित्य अकादमी एवं युगधारा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर को 'लेखक से मिलिए' कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें जयपुर के प्रसिद्ध कवि लेखक प्रेमचंद गांधी से सृजन संवाद होगा। आमंत्रित लेखक गांधी प्रदेश के जाने-माने लेखक-कवि हैं। उनके द्वारा रचित इस सिंफनी में, चांद के आईने में, हे मेरी तमहारिणी, उम्मीद के अश्वारोही चर्चित काव्य संग्रह हैं वहीं संस्कृत का समकाल निंबध संग्रह, विश्व की प्रेम कहानियां संकलन अनुवाद कृति है। युगधारा संस्थान के अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया की विज्ञान समिति अशोक नगर में पूर्वाह्न 11 बजे आयोज्य इस कार्यक्रम में उदयपुर शहर के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. हेमेन्द्र चण्डालिया, उदयपुर लेखक से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में लेखक अपनी रचना प्रक्रिया के साथ रचनाएं प्रस्तुत करेंगे और उपस्थित साहित्यकार भी चर्चा करेंगे।

### 14 वर्षीय रोगी को नया जीवन दिया



**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग से डॉ पंकज गुप्ता, डॉ धवल व्यास, डॉ मनीष दोडमानी, जी.आई. सर्जन डॉ कमल किशोर विश्नोई, एनस्थिसियोलोजिस्ट डॉ चारू शर्मा, संजय सोमरा के अथक प्रयासों से उदयपुर निवासी 14 वर्षीय रोगी को नया जीवन प्रदान किया।डॉ पंकज गुप्ता व डॉ धवल व्यास ने बताया कि रोगी गीतांजली हॉस्पिटल पेट दर्द व उल्टियां की शिकायत के साथ आया था, रोगी को पिछले दो महीने से ये तकलीफ हो रही थी। रोगी के पेट का एक्सरे व सी.टी स्कैन किया गया7 जांचों से पता चला कि रोगी ने 8 माह पूर्व टूथब्रश निगल लिया था जिसकी लम्बाई 20 सेंटीमीटर थी जोकि रोगी के पेट के माप से भी अधिक थी।

### उदयपुर जिले में छह पॉजीटिव

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में गुरुवार को प्राप्त 554 जांच रिपोर्ट्स में 6 कोरोना पॉजीटिव मिले। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएल बामनिया के अनुसार गुरुवार को मिले 6 कोरोना संक्रमितों में 5 शहरी व एक ग्रामीण क्षेत्र से है। एक्टिव रोगियों की संख्या 31 हो गई है, जो सभी होम आइसोलेशन में है ।

### केन्द्रीय सचिव स्वैन आज उदयपुर में

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालव व डेयरी विभाग के सचिव जतिंद्र नाथ स्वैन 23 सितंबर की दोपहर 2.30 बजे वायुयान ने उदयपुर पहुंचेंगे। वे 24 को मत्स्य अधिकारियों के साथ विभागीय स्कीम्स पर समीक्षा करेंगे तथा 25 को फिल्ड विजिट करेंगे। वे 26 की शाम 7.20 बजे वायुयान से दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे।

# बागोर की हवेली में म्यूरल आर्ट कला प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से ग्रामीण कला परिसर शिल्पग्राम में गुरूवार को 'अंतर्राष्ट्रीय कैलीग्राफी कैम्प' का दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.के. तिवारी, चेयरमेन उत्तरप्रदेश रोडवेज एवं शिव सिंह सारंगदेवोत, कुलपति, विद्यापीठ उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। साथ ही सभी कलाकारों ने अपना परिचय दिया। इस अवसर पर मुरलीधर अरोड़ा द्वारा रचित पुस्तक नमन का विमोचन भी किया गया। यह 'अंतर्राष्ट्रीय कैलीग्राफी कैम्प' 26 सितम्बर तक चलेगा, जिसमें देश विदेश से कई नामचीन कलाकार भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही शिल्पग्राम में ही 23 सितम्बर से लोगों के लिये कैलीग्राफी वर्कशॉप का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को कैलीग्राफी में कार्य व सृजन की जानकारी दिये जाने के साथ सृजनात्मक कार्य करवाया जायेगा। 23 सितम्बर को म्यूरल आर्ट कला प्रदर्शनी का बागोर की हवेली में शुभारंभ होगा।



**उदयपुर के शिल्पग्राम में 'अंतर्राष्ट्रीय कैलीग्राफी कैम्प' की शुरूआत मुख्य अतिथि आर.के. तिवारी चेयरमैन उत्तरप्रदेश रोडवेज व एस.एस. सारंगदेवोत कुलपति विद्यापीठ ने दीप प्रज्ज्वलन कर की।**

केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दृश्य कला में कैलीग्राफी एक ऐसी अनूठी विधा है जिसमें आज कई देश के कलाकार काम कर रहे हैं। कैलीग्राफी एक प्राचीन विधा है जिसे अक्षरांकन, चित्रण अथवा सुलेख एक अक्षर कला है। इसकी सहायता से ब्रश क्रोकिल विभिन्न तरीके व स्ट्रोक के फाउण्टेन पेन व निब की सहायता से एक विशिष्ट शैली की स्वयं की लिखाई की डिजाइन प्रक्रिया को सीखा व अपनाया जाता हैं। आजकल का अक्षरांकन हस्तनिर्मित से लेकर कंप्यूटर के द्वारा निर्मित किया जाता है। समकालीन कैलीग्राफी को कुछ इस तरह परिभाषित किया जा सकता है- 'संकेतों को एक अर्थपूर्ण, सुव्यवस्थित और कौशलपूर्ण तरीके से आकार प्रदान करने की कला है।'

## सार-समाचार

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शराब सेल्समेन को धमका कर नकदी लूट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित खेमपुरा प्रतापनगर निवासी ललित पुत्र प्रभूलाल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवया। कि 14 सितंबर को मैं ठोकर चौराहा स्थित शराब दुकान पर था। इस दौरान गोसुण्डा चित्तोड़गढ निवासी विवियन पुत्र नारायणलाल खटीक ने शराब मांगी नहीं देने पर रूपये की मांग की। इनकार करने पर आरोपी गल्ले से 5-6 हजार रूपये लूट ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह के निर्देशन में अनुसंधान अधिकारी एएसआई चंदनसिंह ने विवियन खटीक को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में एक अपराधिक मामाला दर्ज है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी आए दिन लोगों को धमका कर नकदी वसूली करता रहता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### महिला के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी फान्दा हॉल भीलूराणा कच्ची बस्ती निवासी अम्बालाल पुत्र हलुराम पारगी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि दो माह पूर्व शादी करने का झांसा देकर आरोपी मुझे अपने साथ ले गया।

### श्रीराम कथा 6 अक्टूबर से

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में आगामी 6 से 14 अक्टूबर तक श्री नारायण भक्ति पंथ के प्रवर्तक संत लोकेशानंद महाराज के मुखारविंद से आईटीपी भवन में श्रीराम कथा होगी। दिव्य राम कथा के सफल आयोजन को लेकर कथा आयोजक श्री नारायण भक्ति पंथ मेवाड के पदाधिकारियों की बैठक होटल यॉइस में आयोजित हुई।


प्रारूप-13
(नियम-13 (2) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द
सं. 2966 दिनांक: 22.09.2022

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में आया है कि राजस्व ग्राम गुडली खसरा सं. 146,147, 148, 149, 177, 186, 187 रकबा 09-05-00 बीघा एवं खसरा सं. 188, 190, 198, 199, 200, 201 रकबा 03-01-09 बीघा भूमि में स्थित भूमि या उसके भाग दिनांक 17.06.1999 से पूर्व की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इस लिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

अत: उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बतायें कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित की पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सके।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.09.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगरपरिषद, राजसमन्द


### समीक्षा बैठक आज

**उदयपुर, (कासं)।** एलडीएम ने बताया कि शुक्रवार को बैंकों की जून 2022 की त्रेमासिक जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जाएगा। बैठक में जन-प्रतिनिधि, सरकारी विभागों के अधिकारी तथा जिले में कार्यरत सभी बैंकों के नियंत्रक/जिला समन्वयक भाग लेंगे, सरकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

# धोखे से जमीन हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उधार लेकर गिरवी रखी जमीन धोखे से हड़पने का मामला दर्ज किया। अन्यत्रे अम्बमाता थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सीएनजी कनेक्शन कराने का झांसा देकर नकदी हडपने का मामला दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित उमरिया फलनासिया निवासी वेलाराम पुत्र बाजी ने डायमण्ड धाम एकलिंगपुरा चौराहा निवासी तुलसीराम पुत्र छगनलाल मेघवाल तथा वाना वल्लभनगर निवासी राधाकिशन पुत्र भजाभील के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी तुलसीराम को अवश्यकता होने पर उसे 20 लाख रूपये उधार दिए थे। बदले में जमीन की रजिस्ट्री करवाने का इकरार किया। ।निर्धारित समय पश्चात नकदी का भुगतान करने पर आरोपी ने अन्य व्यक्ति को जमीन की रजिस्ट्री करवा दी। इसका पता चलने पर एतराज किया तो आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

इसी तरह अम्बामाता थाना पुलिस ने डागलियों का मोहल्ला निवासी गणेशलाल पुत्र नन्दलाल पटेल की रिपोर्ट पर युपी हॉल खरवड़ी निवासी तरूण त्यागी उर्फ हेप्पी पुत्र भरत त्यागी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।


स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र F-1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (20491) 2021-22 Jaipur दिनांक 08-06-202 द्वारा श्रीमती प्रेमलता मेहता, रेफरेन्स नम्बर 2019100008680, एरिया 1.0021 हेक्टर, वास्ते मेसेनरी स्टोन & डोलोमाईट, निकट ग्राम घोड़च, तहसील नाथद्वारा व जिला राजसमंद के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।


# किताबी ज्ञान के साथ स्किल भी जरूरी : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।**02 राज आर एण्ड वी रेजीमेंट एनसीसी नवानिया की ओर से आयोजित आठ दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ गुरूवार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कृषि भवन के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, ग्रुप कमाण्डर भास्कर चक्रवर्ती, कैम्प कमांडेंट कर्नल ई एन मनोज, विंग कमांडर मुदित चोरसिया, कमांडर राजेन्द्र कुमार, केप्टन रामचन्द्र ने मॉ सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कैडेट्स द्वारा कुलपति प्रो. सारंगदेवोत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

प्रो. सारंगदेवोत ने केडेट्स का आव्हान किया कि जीवन में सफलता के लिए टाईम मैनेजमेंट जरूरी है। उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति की औसत आयु 75 वर्ष होती है उसमें से 25 वर्ष सोने में निकाल देते है, 18 से 20 वर्ष कार्य करते है, 6 से 8 वर्ष यात्रा करने में निकाल देते है, 4 से 5 वर्ष खाना खाने में निकाल देते है, 6 से 8 वर्ष किसी की प्रतिक्षा में निकाल देते है, 5 से 6 वर्ष हम कुछ भी नहीं करते है, 5 से 6 वर्ष हम हमारी दैनिक दिनचर्या में निकाल देते है। हर व्यक्ति को दिन के 24 घंटे मिलते है उसका उपयोग कैसे करना है यह आप पर निर्भर है। हम विस्तारित व संकुचित कर सकते है। किताबी ज्ञान के साथ स्किल भी जरूरी है।

केम्प कमांडेट मनोज ने बताया कि 15 सितम्बर से प्रारंभ शिविर में पूरे राजस्थान के 600 कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर में केडेटस को मेप रिडिंग, हेल्थ एण्ड हाईजिंन, फिल्ड क्राफ्ट एण्ड बेटल क्राफ्ट, फायरिंग, पशु प्रबंधन, फैरेरी, सेडलरी, मस्कटरी, आप्टीकल टेऊनिंग, टेंट पिचिंग अभ्यास के साथ साथ योगा, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। समूह नृत्य में काजग राय प्रथम, अमिषा राठौड समूह द्वितिय, सीनियर वर्ग में बेस्ट ड्रिल का अवार्ड सार्जेन्ट प्रिया मेनारिया, जूनियर वर्ग में भावना कुंवर चुण्डावत को दिया गया। बॉलीबाल में विद्यापीठ टीम प्रथम, पाटनी पब्लिक स्कूल द्वितिय स्थान पर रही। रस्सा कस्सी में पाटनी पब्लिक स्कूल प्रथम, विद्यापीठ टीम द्वितिय स्थान पर रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में केडेट्स द्वारा राजस्थानी, पंजाबी व देश भक्ति गानों पर जमकर प्रस्तुतियॉ दे उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कालीभीत, पंचायत समिति लसाड़िया जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापका/निविदा/2022-23/96 दिनांक- 14.9.2022

**-: ई निविदा सूचना- 01/2022-23 :-**

ग्राम पंचायत कालीभीत में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 28.09.2022 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZUD2223GLOB00367

सरपंच
ग्राम पंचायत कालीभीत
पं.स.लसाड़िया, जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कालीभीत
पं.स.लसाड़िया, जिला-उदयपुर ( राज. )


### सेमिनार का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के संघटक प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में भावी अभियंताओं के लिए वित्तीय जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी के सिंह के निर्देशानुसार किया गया । इस अवसर पर कार्यवाहक अधिष्ठाता डॉ अनुपम भटनागर ने स्वागत उद्बोधन में समस्त छात्रों को अपने भावी भविष्य को ध्यान में रखते हुए वित्तीय जागरूकता के प्रति सजग होने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### आदि महोत्सव में बहुरंगी संस्कृतियों की दिखेगी झलक

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उदयपुर जिले के सबसे सुरम्य आदिवासी अंचल कोटडा में आयोजित होने वाले दो दिवसीय आदि महोत्सव की तैयारियां परवान पर है।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग और जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस महोत्सव के तहत जिला कलक्टर ताराचंद मीणा के निर्देशन में टीम उदयपुर आयोजन को साकार बनाने में जुटी हुई है। इस भव्य आयोजन में आने वाले हर बाशिंदे को लोक संस्कृति के साथ विविध संस्कृतियों का समन्वय देखने को मिलेगा। ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे ऐतिहासिक नवाचार आदि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। जिला कलक्टर द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ को चार चल शौचालय, फायर ब्रिगेड व भोजन व्यवस्था के लिए संबंधित फर्म को आदेशित करने से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं।


**कार्यालय सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी**
**श्री गुलाब सिंह शक्तावत राजकीय सामान्य चिकित्सालय, भीण्डर जिला-उदयपुर**

क्रमांक:-संस्था/RMRS/2022-23/191 दिनांक: 22.9.22

**खुली निविदा सुचना**

इस संस्थान में वर्ष 2022-23 के लिए रजिस्टर्ड फर्म/प्लेसमेंट एजेन्सी/ सेवा प्रदाता/संवेदक/ ठेकेदार से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं निर्धारित तिथि को दोपहर 12.00 बजे तक जमा की जावेगी एवं निर्धारित तिथि को दोपहर 01.00 बजे गठित कमिटी सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र तिथि 23/09/2022 से कार्यालय समय में कार्यदिवस को निर्धारित राशि को जमा कराकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित कार्य एवं शर्तों कि जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा विक्रय एवं जमा की अंतिम दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्राईबल एरिया वेटिंग हॉल के संचालन हेतु कर्मचारी आपुर्ति | 160000 | 3200 | 200 | 29.09.2022 | 29.09.2022 |
| 2. | Machine with Computer Operator in DRESS CODE & ID CARD | 260000 | 5200 | 200 | 29.09.2022 | 29.09.2022 |
| 3. | विघुत उपकरण व रखरखाव | 200000 | 4000 | 200 | 29.09.2022 | 29.09.2022 |

निविदाएं निहित प्रारूप में दोहरी लिफाफा पद्धति से सिलबन्द लिफाफे में स्वीकार्य होगी। जिसमें तकनीकी एवं वित्तिय बीड अलग-अलग होगी। तकनीकी निविदा में सफल होने वाले निविदादाता की ही वित्तिय निविदा खोली जावेगी। धरोहर राशि को सदस्य सचिव RMRS CHC भीण्डर के नाम डीडी/बेंकर्स चैक के रूप में तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। कमेटी न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं होगी व किसी भी निविदा या निविदा के भाग को रद्द करने का अधिकार सोसायटी के पास होगा। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। अन्य शर्ते वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार रहेगी।

सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
श्री गुलाब सिंह शक्तावत
राजकीय सामान्य चिकित्सालय भीण्डर


# प्रतियोगिताओं के माध्यम से कुपोषण भगाने का दिया संदेश

**उदयपुर, (कासं)।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार, उदयपुर एवं महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा उदयपुर जिले की मावली पंचायत समिति की घासा ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केन्द्र सभागार में पोषण माह के अन्तर्गत आज गुरूवार को महिलाओं के बीच रंगोली, पोष्टिक व्यंजन, स्वस्थ शिशु एवं स्वस्थ गर्भवती मां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा अधिकारी डा. विशाखा पिचौलिया एवं महिला पर्यवेक्षक रेखा देवड़ा ग्राम पंचायत घासा के सरपंच गोवर्धन सालवी, पंचायत समिति सदस्य मोनिका साल्वी तथा पोषण अभियान की ब्लाक कार्डिनेटर ऋतु कुंवर राठौड़ कों प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में शामिल किया गया उन्होंनें सभी परीक्षण कर प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर पोषण जागरूकता पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा नें पोषण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय द्वारा 01 से 30 सितम्बर तक पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसकी थीम महिला एवं स्वास्थ्य व बच्चा और शिक्षाा रखी गई है। उन्होनें कहा कि कुपोषण को दूर करने के लिए शुक्रवार को घासा ग्राम पंचायत के हनुमान पार्क में विशेष जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें अनेंक विभागों के अधिकारी एवं जन प्रतिनिधी हिस्सा लेंगें।इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग मावली की महिला पर्यवेक्षक रेखा देवड़ा नें पोषण अभियान का उदेश्य कुपोषण की समस्या पर प्राथमिकता के आधार पर काबू पाना है। उन्होनें कहा कि इसके लिए सरकार नें पोषण 2.0 के तहत पोषक तत्व, वितरण, पहुंच व परिणाम को सुदृढ बनानें व स्वास्थय कल्याण व रोग व कुपोषण के प्रतिरोध की क्षमता बढानें पर घ्यान केन्द्रीत किया गया है।

■ पोषण जागरूकता पर संगोष्ठी आयोजित



**उदयपुर में पोषण माह के तहत अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस दौरान केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वरलाल मीणा आदि मौजूद रहे।**

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा अधिकारी डा. विशाखा पिचौलिया नें कुपोषण की रोकथाम के उपाय पर विचार वयक्त किए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घासा के सरपंच गोवर्धन सालवी, पंचायत समिति सदस्य मोनिका साल्वी तथा पोषण अभियान की ब्लाक कार्डिनेटर ऋतु कुंवर राठौड स्वयं सेवी संस्था सेवा मन्दिर के फील्ड मोनिटर चंचल वेष्णव व पंकज नागद, एएनएम मिनीमोल नें भी विचार व्यकत किए।

### परामर्श एवं जांच शिविर 25 को

**उदयपुर, (कासं)।** सुंदर सिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 25 सितंबर को एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के प्रथम महामंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वी जन्म जयंती पर विशाल निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शक्ति नगर स्थित सनातन मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम प्रभारी गजेंद्र भंडारी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर होने वाले निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का उद्घाटन ट्रस्ट अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया द्वारा किया जाएगा। गजेंद्र भंडारी ने बताया कि इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक बेरवा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ राधा रस्तोगी, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश मलिक, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग तलेसरा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु गुप्ता, होम्योपैथिक विभाग के डॉ. लिली जैन, डॉ. नवीन बिश्नोई, डॉ. बबीता, इसी प्रकार न्यूरो फिजिशियन डॉ. पंकज तापड़िया आदि अपनी सेवायें देंगे।